**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।**

**2 लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, फील्ड हास्टल, लखनऊ**

**ई–मेल– ee_2cd_lucknow@yahoo.in**

**पत्रांकः 494 / W-4 / 14 दिनांक : 05.06.2026**

सेवा में,
जिलाधिकारी,
लखनऊ।

विषय– दिनांक 04.06.2026 को दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला लखनऊ में "चित्रकूट में पानी संकट के बाद विकास का दावा फुस्स, सिर्फ दीवारों पर लिखा "हर घर जल"" प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक **दिनांक** 04.06.2026 को दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला लखनऊ में **"चित्रकूट में पानी संकट के बाद विकास का दावा फुस्स, सिर्फ दीवारों पर लिखा "हर घर जल""** शीर्षक से खबर प्रकाशित की गयी है के क्रम मे सादर अवगत कराना है प्रकाशित खबर जनपद चित्रकूट से सम्बन्धित है।

जनपद लखनऊ में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों में 376 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत 669 नग राजस्व ग्रामों मे निर्माण कार्य प्रस्तावित है। योजनान्तर्गत कुल 442 नग नलकूप, 442 नग पम्प गृह, 442 नग सोलर प्लान्ट, 381 नग शिरोपरि जलाशय, 442 नग बाउण्ड्रीवॉल, 4940 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 219677 नग पेयजल गृह संयोजन इत्यादि के कार्य प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 439 नग नलकूप, 434 नग पम्प गृह, 434 नग सोलर प्लान्ट, 189 नग शिरोपरि जलाशय, 4842 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 215314 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण कर लिए गए है तथा अवशेष कार्य प्रगति पर है, योजना मे सम्मिलित 669 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 628 नग राजस्व ग्रामों में सीधे पम्पिंग एवं अवर जलाशय के माध्यम से नियमित क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति की जा रही है।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय

(ए0के0 त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ।
6. जिला सूचना अधिकारी, लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता